प्रेस को सूचना नोट [प्रेस विज्ञप्ति संख्या 79/2023]

<u>तत्काल प्रकाशन के लिए</u>

<u>भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण</u>

भादूविप्रा के परामर्श पत्र "प्रसारण और केबल सेवाओं के लिए विनियामक ढांचे की समीक्षा" पर टिप्पणियाँ और प्रति टिप्पणियाँ प्राप्त करने की अंतिम तिथि का विस्तार ।

नई दिल्ली 30 अगस्त, 2023 : भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने 08 अगस्त 2023 को "प्रसारण और केबल सेवाओं के लिए विनियामक ढांचे की समीक्षा" पर एक परामर्श पत्र जारी किया था। हितधारकों से परामर्श पत्र में उठाए गए मुद्दों पर टिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि 05 सितंबर 2023 और प्रति-टिप्पणियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि 19 सितंबर 2023 निर्धारित की गई थी।

2. उपर्युक्त परामर्श पत्र पर टिप्पणियाँ प्रस्तुत करने के लिए समय विस्तार हेतु हितधारकों से प्राप्त अनुरोधों को ध्यान में रखते हुए, टिप्पणियाँ और प्रति-टिप्पणियाँ प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि क्रमशः 19 सितंबर 2023 और 3 अक्टूबर 2023 तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

3. टिप्पणियाँ और प्रति-टिप्पणियाँ, अधिमानतः इलेक्ट्रॉनिक रूप में, ईमेल आईडी advbcs-2@trai.gov.in और jtadvbcs-1@trai.gov.in पर भेजी जा सकती हैं।

4. किसी भी स्पष्टीकरण/जानकारी के लिए, श्री अनिल कुमार भारद्वाज, सलाहकार (बी एंड सीएस) से दूरभाष संख्या +91-11-23237922 पर संपर्क किया जा सकता है।

(वी. रघुनंदन)
सचिव, ट्राई